# कार्यालय नगर निगम, कोटा

क्रमांक / ननिको / मेला / 2018 / 209 - 221 दिनांक:- 30/8/2018

## निविदा सूचना (ई–टेण्डरिंग )

राष्ट्रीय मेला दशहरा 2018 में मेला अवधि 10.10.2018 से 04.11.2018 तक के लिये प्रबंधन कार्य हेतु इवेंट मैनेजमेंट कम्पनियो एवं इच्छुक आवेदक से नगर निगम कोटा द्वारा ई–टेन्डरिंग (E-Tendering) के माध्यम से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा के किसी भाग को अथवा निविदा को निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी, नगर निगम कोटा को निहित होगा। निविदाओं से सम्बंधित निविदा प्रपत्र, शर्ते वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदाओं को इसी वेबसाईट पर ऑनलाईन भरी जानी है। निविदा संबंधी जानकारी नगर निगम कोटा की वेबसाईट www.kotamc.org पर भी देखी जा सकती है। निविदा के किसी भाग को अथवा निविदा को निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी, नगर निगम कोटा में निहित होगा। निविदा के सम्बंध में किसी भी प्रकार की जानकारी कार्य दिवस में मेला प्रकोष्ठ कार्यालय राजीव गांधी भवन 'A' ब्लॉक प्रथम तल में प्राप्त की जा सकती है।

- निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से ) : 1.9.2018 से 11.9.2018 तक (सांय 6.00 बजे तक)
- निविदा अपलोड करने की तिथि : 1.9.2018 से 11.9.2018 तक (सांय 6.00 बजे तक)
- ई.एम.डी / निविदा शुल्क / प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि :: 12.9.2018तक ( सांय 4.00 बजे तक )
  (उपरोक्त डी.डी. मेला प्रकोष्ठ कार्यालय राजीव गांधी भवन 'A' ब्लॉक प्रथम तल मे प्राप्त किये जायेगे)
- तकनिकी बिड खोलने की तिथि :: 12.9.2018 ( सांय 5.00 बजे )
- वित्तिय बिड खोलने की तिथि :: तकनिकी बिड़ पर प्रशासनिक निर्णय के उपरान्त

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि 2% | टेण्डर फीस |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय मेला दशहरा 2018 में मेला अवधि 10.10.2018 से 04.11.2018 तक में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं व्यवस्थाओं के प्रबंधन का कार्य | 400000/– | 8000/– | 1000/– |

नोट:–

1. निविदा की प्रोसेसिंग फीस 1000/– रूपये एम.डी. आर.आई.एस.एल. जयपुर का डी.डी. जो जयपुर मे देय है सलंग्न करना होगा।
2. धरोहर राशि एंव निविदा शुल्क राशि पृथक–पृथक रूप से आयुक्त , नगर निगम कोटा के नाम से डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में मेला प्रकोष्ठ कार्यालय राजीव गांधी भवन 'A' ब्लॉक प्रथम तल मे जमा करानी होगा।
3. तकनीकी व वित्तिय बिड़ निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्तो के अनुसार प्रस्तुत करना होगा।
4. केवल तकनीकी बिड़ में सफल संवेदको की ही वित्तीय बिड़ खोली जावेगी।
5. सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में बिड़ खोली जायेगी।

आयुक्त एवं मुख्य मेला अधिकारी
नगर निगम कोटा

क्रमांक / ननिको / मेला / 2018 / 209-221 दिनांक:- 30/8/2018

प्रतिलिपि:– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. श्रीमान महापौर महोदय, नगर निगम कोटा।
2. माननीया उपमहापौर महोदया, नगर निगम कोटा।
3. नेता प्रतिपक्ष महोदय, नगर निगम कोटा।
4. अध्यक्ष मेला समिति नगर निगम कोटा।
5. उपायुक्त एवं मेला अधिकारी, नगर निगम कोटा।
6. मुख्य लेखाधिकारी/सहायक लेखाधिकारी नगर निगम कोटा।
7. उपायुक्त विज्ञान नगर /मुख्यालय /रामपुरा जोन नगर निगम, कोटा।
8. अति0 मेलाधिकारी, नगर निगम कोटा।
9. प्रभारी एवं नोडल अधिकारी ई– टेण्डरिंग, एन.आई.सी, नगर निगम कोटा को भेजकर लेख है, कि उक्त निविदा, निविदा प्रपत्र एवं शर्ते वेबसाईट पर अपलोड करावें।
10. ई गवेर्नेन्स प्रभारी को भेजकर लेख है, कि नगर निगम की वेबसाईट पर डालें।
11. पुस्तकालय को भेजकर लेख है कि उक्त निविदा का प्रकाशन नियमानुसार समाचार पत्रों में आज ही प्रकाशित करावे।
12. मेला प्रकोष्ठ।
13. गार्ड फाईल।

आयुक्त एवं मुख्य मेला अधिकारी
नगर निगम कोटा

# 125वॉ राष्ट्रीय मेला दशहरा 2018
# कार्यालय नगर निगम कोटा

क्रमांक /ननिको/मेला /2018/222-234 दिनांकः— 30/8/2018

–: ई निविदा :–

यू.बी.एन नं. DLB1819SSOB11940

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय मेला दशहरा 2018 में मेला अवधि (10.10.2018 से 04.11.2018 तक ) के लिये प्रबंधन कार्य हेतु इवेंट मैनेजमेंट कम्पनियों एवं इच्छुक आवेदको से ऑनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

टेण्डर की शर्तो का सम्पूर्ण विवरण नगर निगम की वेबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in** में देख डाउनलोड कर सकते है।

आयुक्त एवं मुख्य मेला अधिकारी
नगर निगम कोटा

क्रमांक /ननिको/मेला /2018/222-234 दिनांकः— 30/8/2018

प्रतिलिपिः— सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. श्रीमान महापौर महोदय, नगर निगम कोटा।
2. माननीया उपमहापौर महोदया, नगर निगम कोटा।
3. नेता प्रतिपक्ष महोदय, नगर निगम कोटा।
4. अध्यक्ष मेला समिति नगर निगम कोटा।
5. उपायुक्त एवं मेला अधिकारी, नगर निगम कोटा।
6. मुख्य लेखाधिकारी/सहायक लेखाधिकारी नगर निगम कोटा।
7. उपायुक्त विज्ञान नगर /मुख्यालय /रामपुरा जोन नगर निगम, कोटा।
8. अति0 मेलाधिकारी, नगर निगम कोटा।
9. प्रभारी एवं नोडल अधिकारी ई– टेण्डरिंग, एन.आई.सी, नगर निगम कोटा को भेजकर लेख है, कि उक्त निविदा, निविदा प्रपत्र एवं शर्ते वेबसाईट पर अपलोड करावें।
10. ई गवेर्नेन्स प्रभारी को भेजकर लेख है, कि नगर निगम की वेबसाईट पर डालें।
11. पुस्तकालय को भेजकर लेख है कि उक्त निविदा का प्रकाशन नियमानुसार समाचार पत्रों में आज ही प्रकाशित करावे।
12. मेला प्रकोष्ठ।
13. गार्ड फाईल।

आयुक्त एवं मुख्य मेला अधिकारी
नगर निगम कोटा

# 125वॉ राष्ट्रीय मेला दशहरा 2018

# कार्यालय नगर निगम कोटा

तकनीकी निविदा प्रपत्र

## राष्ट्रीय मेला दशहरा 2018 के अवसर विभिन्न कार्यक्रमों एवं व्यवस्थाओं के प्रबंधन एवं कर्मचारी आपूर्ति का कार्य

कार्य का नाम : ......................................................................................................................

फर्म का नाम एवं पूर्ण पता : ......................................................................................................

मो.नं. एवं ईमेल आई.डी़ सहित......................................................................................................

अनुमानित राशि :– 400000/–

निविदा शुल्क :– 1000/– पे आर्डर/ड्राफ्ट नं.......................................दिनांक .......................

प्रोसेसिंग शुल्क :– 1000/– पे आर्डर/ड्राफ्ट नं.......................................दिनांक .......................

धरोहर राशि :– 8000/– पे आर्डर/ड्राफ्ट नं.......................................दिनांक .......................

- निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से ) : 1.9.2018 से 11.9.2018 तक (सांय 6.00 बजे तक)
- निविदा अपलोड करने की तिथि : 1.9.2018 से 11.9.2018 तक (सांय 6.00 बजे तक)
- ई.एम.डी/निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि :: 12.9.2018तक ( सांय 4.00 बजे तक )
  (उपरोक्त डी.डी. मेला प्रकोष्ठ कार्यालय राजीव गांधी भवन 'A' ब्लॉक प्रथम तल मे प्राप्त किये जायेगे)
- तकनिकी बिड खोलने की तिथि :: 12.9.2018 ( सांय 5.00 बजे )
- वितिय बिड खोलने की तिथि :: तकनिकी बिड़ पर प्रशासनिक निर्णय के उपरान्त

| क्र.सं | तकनीकी बिड़ के साथ निम्न दस्तावेज जो संलग्न करने है। | दस्तावेजो का विवरण | संलग्न पेज |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा शुल्क का डी.डी./बैक का स्टेट | | |
| 2 | धरोहर राशि का डी.डी./बैक का स्टेट | | |
| 3 | स्थायी पता प्रमाणीकरण हेतु राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड की प्रति। | | |
| 4 | तकनीकी बिड के प्रत्येक पृष्ठ हस्ताक्षरित। | | |
| 5. | पेन कार्ड की स्वहस्ताक्षरित प्रति। | | |
| 6. | संवेदक को नगर निगम कोटा के मेयर/पार्षद/अधिकारी /कर्मचारी से ब्लड रिलेशन नहीं होने बाबत् रू 10/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र। | | |
| 7. | फर्म के कही भी ब्लैक लिस्टैड नही होने एवं निगम की किसी प्रकार की देयता बकाया न होने का शपथ –पत्र | | |
| 8. | इवेन्ट कम्पनी द्वारा गत तीन वर्षो में किये गये प्रोग्रामों के अनुभव प्रमाण पत्र तथा किसी एक प्रोग्राम की सीडी | | |
| 9. | जी.एस.टी. नम्बर की प्रमाणित पत्र की प्रति। | | |
| 10. | आवेदक के गत तीन वर्ष के इंनकम टेक्स रिटर्न की प्रति | | |

नोट :– उपरोक्त सभी प्रमाण पत्र स्व प्रमाणित होने चाहिये एवं उक्त दी गई सूचनाऐं मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है तथा हमारी फर्म निविदा की समस्त शर्तो एवं नियमों की पालना करने के लिये सहमत है।

हस्ताक्षर निविदादाता

# कार्यालय नगर निगम, कोटा( राज0)

## वित्तीय निविदा प्रपत्र

फर्म का नाम : ..........................................................................................................................

| | |
|---|---|
| निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से ) | 1.9.2018 से 11.9.2018 तक (सांय 6.00 बजे तक) |
| निविदा अपलोड करने की तिथि | 1.9.2018 से 11.9.2018 तक (सांय 6.00 बजे तक) |
| ई.एम.डी / निविदा शुल्क / प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि | 12.9.2018 तक ( सांय 4.00 बजे) |
| तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 12.9.2018 तक ( सांय 5.00 बजे) |
| अनुमानित व्यय राशि | 400000 / – (समस्त करों सहित) |
| धरोहर राशि | 8000 / – |
| ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक क्रमांक ........................................ | बैंक का नाम ................................................<br>राशि ........................................................ |

## कार्य का विवरण

| क्र. | कार्य का विवरण |
|---|---|
| | जॉब वर्क के आधार पर राष्ट्रीय मेला दशहरा 2018 (दिनांक 10.10.2018 से 04.11.2018 तक) की विभिन्न व्यवस्थाओं के प्रबंधन एवं कर्मचारी आपूर्ति हेतु निम्नानुसार कार्यः–<br>(A) विभिन्न स्टेज (श्रीराम रंगमंच, विजयश्री रंगमंच, किसान रंगमंच, आशापुरा माता मंदिर परिसर पर स्टेज, शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का स्टेज ) साज सज्जा (फ्लैक्स एल.ई.डी. वॉल फ्लावर डेकोरेशन, दीप – प्रज्ज्वलन एवं अन्य व्यवस्था)<br>(B) ग्रीन रूम में कलाकारों के बैठने की व्यवस्था<br>(C) एंकर (अतिथियों का स्वागत सत्कार एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की प्रस्तुति) के द्वारा मेला उद्घाटन से समापन तक के कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य<br>(D) विजय श्री रंगमंच के सामने के स्थान पर विशिष्ट अतिथियों के बैठने की व्यवस्था की रूपरेखा<br>(E) मेले की रोशनी विद्युत सजावट की रूपरेखा<br>(F) मेले के स्वागत द्वारों की सजावट की डिजाईन तैयार करना तथा डिजाईन के अनुसार उसे तैयार कराया जाना<br>(G) मेला प्रागंण में स्थित मेले की उद्घोषणा कक्ष में उद्घोषक के द्वारा उद्घोषणा का कार्य।<br>(H) मेले में लगने वाली दुकानों, प्रदर्शनियों एवं अन्य स्थानों की साज–सज्जा की रूपरेखा तैयार कराना एवं सम्पूर्ण मेला अवधि में उसे बनाये रखना।<br>(I) मेले में आने वाले कलाकरों, अतिथियों को अल्पहार, पानी आदि पहूँचाने हेतु वेन्डर आपूर्ति (आवश्यकतानुसार मय ड्रेस प्रतिदिन बदली हुई में मेल / फिमेल)<br>(J) समस्त प्रकार के जुलुस व्यवस्था<br>(K) फ्लैक्स एवं विज्ञापन, आमंत्रण पत्र, कार्यक्रम सारणी, प्रवेश पत्र आदि की डिजाईन का कार्य<br>(L) अकुशल श्रमिक संख्या 20 (बीस)।<br>(M) विभिन्न प्रतियोगिताओं की सम्पूर्ण व्यवस्था |

मैं उपरोक्त समस्त कार्य राशि अंको ..........................................(राशि शब्दों में.........................................................................)
पर करने हेतु सहमत हूँ।

नोट :– 1. मेरे द्वारा उपरोक्त दरो पर निविदा शर्तो के अनुसार कार्य करने हेतु उपरोक्तानुसार दर समस्त कर शामिल कर प्रस्तुत की गई है।

2. हमने तकनिकि बिड़ एवं सलग्न शर्तो का अध्ययन कर लिया है, एवं सलंग्न शर्तो एवं अनुबंध की पालना करने के लिये बाध्य है।

उपायुक्त एवं मेला अधिकारी
नगर निगम कोटा

शर्ते :—

1. स्वीकृत की गई राशि में कार्य नही करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
2. इवेन्ट कम्पनी को सम्पूर्ण मेला अवधि में अवेक्षित फ्लिेक्स, डिजाइन, दुकानों की बहारी साज सज्जा को बनाये रखना अनिवार्य होगा।
3. किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी हेतु कार्यालय राजीव गांधी भवन 'ए' ब्लॉक प्रथम तल पर स्थित मेला प्रकोष्ठ कार्यालय नगर निगम कोटा (0744—2502126) में सम्पर्क करें एवं आवेदन प्रस्तुत करें।
4. संवेदक को कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व से कार्यक्रम समाप्ति तक अपने टीम के साथ उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।
5. संवेदक को प्रत्येक सम्पूर्ण मेला अवधि के दौरान दिन में 2 बजे मुख्य मेला अधिकारी से सम्पर्क कर दिशा निर्देश प्राप्त करने होगें।
6. संवेदक द्वारा मेला अवधि के दौरान उपलब्ध कराने वाले उद्घोषक की भाषा में मंच गरिमा के अनुरूप तथा शालिनता होना आवश्यक है। उद्घोषक को उद्घोषण हेतु प्राप्त होने वाली सूचना को तत्काल उद्घोषणा करनी होगी तथा उसको तीन बार दोहराना होगा।
7. इवेंट कम्पनी के साथ आने वाले सभी सदस्यों को अपने स्तर पर ठहरने, खाने—पीने, आने—जाने की व्यवस्था करनी होगी। जिसका नगर निगम द्वारा कोई भुगतान नही किया जायेगा।
8. किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा होने के कारण कार्यक्रम नही होने पर इवेन्ट कम्पनी का भुगतान नही किया जावेगा तथा अंशिक कार्यक्रम होने पर आनुपातिक भुगतान किया जावेगा।
9. कार्यादेश जारी होने पर 1000 के स्टाम्प पर अनुबंध तीन दिवस में करना अनिवार्य होगा।
10. इवेन्ट कम्पनी द्वारा प्रस्तुत अन्य स्थानों पर कराये गयें इस प्रकार के इवेंट के फोटोग्राफ कम से कम 10 निविदा के साथ सलग्न करने होगें।
11. संवेदक को श्रीराम रंगमंच, विजयश्री रंगमंच, किसान रंगमंच, आशापुरा माताजी मंदिर परिसर पर स्टेज की साज—सज्जा, रूप रेखा में मुख्य मेला अधिकारी, मेला अधिकारी को अवगत कराना होगा। उनसे प्राप्त निर्देशो की पूर्ण पालना करना अनिवार्य होगा।
12. ग्रीन रूम में कलाकारों के बैठने की व्यवस्था, सफाई तथा जलपान पहुँचाने आदि हेतु सवेंदक की सम्पूर्ण जिम्मेदारी होगी। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था होने पर संवेदक पर शास्ती आरोपित करने का अधिकार नगर निगम को होगा।
13. विजयश्री रंगमंच के सामने के स्थान पर विशिष्ट अतिथियों को बैठाने की व्यवस्था हेतु टेंट आपूर्ति कर्ता संवेदक से विचार विमर्श कर नगर निगम कोटा द्वारा अनुमोदित आईटमों के हिसाब से रूपरेखा तैयार कर मेला अधिकारी को अवगत कराना होगा
14. मेला की विद्युत सजावट की रूप रेखा तैयार करने से पूर्व मेले मे विद्युत सामान आपूर्ति कर्ता संवेदक से सम्पर्क कर नगर निगम कोटा द्वारा अनुमोदित आईटमों के हिसाब से रूपरेखा तैयार कर मेला अधिकारी को अवगत कराना होगा तथा अनुमोदन उपरान्त विद्युत संवेदक के माध्यम से मेला की विद्युत व्यवस्था कराना होगा।
15. संवेदक को मेले में आने वाले कलाकारों, अतिथियों को अल्पाहार, पानी आदि पहुँचाने हेतु वेड़र आपूर्ति आवश्यकता अनुसार मय ड्रेस प्रतिदिन बदलती हुई होना आवश्यक होगा। वेड़र की ड्रेस की जानकारी मेला अधिकारी को देनी होगी जिसके फोटो भी उपलब्ध कराने होगें।
16. संवेदक को सम्पूर्ण मेले में आपेक्षित फ्लेक्स बेनर, आमंत्रण पत्र, कार्यक्रम समय सारणी, प्रवेश पत्र एवं मेले से सम्बंधित प्रिंटिग कार्य की डिजाईन तैयार कर मुख्य मेला अधिकारी एवं मेला अधिकारी से अनुमोदित करना होगा उसके पश्चात् अनुमोदित संवेदक से उनकी प्रिन्ट तैयार कराना होगा।
17. मेले के स्वागत द्वारा की डिजाईन तैयार कर उनका अनुमोदन मुख्य मेला अधिकारी से कराकर निगम द्वारा अनुमोदित संवेदक से अनुमोदित डिजाईन के अनुसार समस्त स्वागत द्वार तैयार करने होगे तथा उन्हे सम्पूर्ण मेला अवधि में उसी अनुरूप बनाये रखने की जिम्मेदारी टेंट व्यवस्था के संवेदक तथा इवेंट कम्पनी की संयुक्त रूप से होगी।
18. मेला प्रागंण, मंच एवं जुलुसों के दौरान वांकी टॉकी के साथ इवेंट कम्पनी की टीम को उपस्थित रहना होगा।
19. मेला अवधि 2018 दिनांक 10.10.2018 से 4.11.2018 तक रहेगी।

...र्ष का अनुभव होना अनिवार्य है जिसके लिये सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी कार्य अनुभव प्रमाण पत्र सलंग्न करना ...गा।

... प्रार्थना पत्र के साथ संवेदक को अपने बैंक खाते की सत्य प्रतिलिपि एवं आधार कार्ड , पेन कार्ड की प्रति सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

22. निविदादाता को निर्धारित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट निर्धारित तिथि को कार्यालय समय में सलग्न कराना होगा।

23. प्रार्थना पत्र पर निविदादाता का नवीनतम फोटो जो स्वःप्रमाणित हो एवं निवास डाक के पते के प्रमाण स्वरूप नल/बिजली/टेलीफोन/ड्राईविंग लाईसेंस/मतदाता परिचय पत्र में से किसी एक की प्रति सलंग्न करनी होगी।

24. संवेदक को आवंटन कार्य आवंटन के उपरान्त कार्य को सब्लेट करने पर व किन्ही शर्तो की अनुपालना न करने पर व निगम हित में संवेदक की धरोहर व अन्य जमा राशि जप्त करली जावेगी।

25. बिना कारण बताये निविदा स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार प्रशासन नगर निगम , कोटा में निहित होगा।

26. संवेदक को 18 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करना होगा।

27. निविदादाता कार्य को किसी अन्य व्यक्ति/फर्म/संस्था को सबलेट नही कर सकेगा।

28. इवेंट कम्पनी के उसके द्वारा किये जाने वाले कार्यो का निरीक्षण करने का अधिकार महापौर महोदय, उप महापौर महोदया, आयुक्त महोदय/उपायुक्त/मेला अधिकारी, अतिरिक्त मेला अधिकारी को होगा।

29. इवेंट कम्पनी द्वारा कार्य दिशा निर्देशो के अनुरूप कार्य नही करने पर शास्ती आरोपित करने का अधिकारी नगर निगम होगा।

30. केन्द्र सरकार राज्य सरकार निगम प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्र अनुदेश आदेश व समस्त प्रकार के करो की पालना ठेकेदार को करनी होगी।

31. इवेंट कम्पनी को आवंटित कार्यो का सफलता पूर्वक संचालन किये जाने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी से पूर्ण करने हेतु मेले में कार्य करने वाली समस्त एजेन्सियों से निरन्तर सम्पर्क में रहकर कार्य करना होगा।

32. इवेंट कम्पनी द्वारा उपलब्ध कराये गये अकुशल श्रमिको की सूची मय नाम पते एवं आईडी के नगर निगम कोटा को उपलब्ध करवानी होगी।

33. सशर्त निविदा मान्य नही होगी।

34. किसी भी कानूनी कार्यवाही में न्याय क्षैत्र कोटा होगा।

35. अन्य शर्ते व उपकर सामान्य वित लेखा नियम, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 एवं नगर पालिका क्रय नियमों से शासित होगा।

36. सफाई व्यवस्था शुल्क/फायर एनओसी शुल्क तथा अन्य शुल्क नियमानुसार देय होगा।

हस्ताक्षर निविदादाता